वन विभाग नें ग्राम झड़िया बीट भूता के जंगल से

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।इसी क्रम में बुधवार को वन विभाग नें बड़ी कार्यवाही करते हुए दतिया शहर के ग्राम झड़िया बीट भूता के जंगल से 4हैक्टेयर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया।वन विभाग टीम ने कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा लम्बे समय से वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण करने की मिल रही थी सूचना पर वन विभाग की टीम नें करीब 15 से 20 अस्थाई झोपड़ियों को हटाया गया है।

रेंजर शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी

4 हैक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण से मुक्त कराया

कि वन भूमि पर तेजी से झोपड़ीया बनाई जा रहा है।सूचना की पुष्टि के बाद वन विभाग टीम और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई की और अवैध झोपड़ियों को हटाया गया।उन्होंने ने कहा कि वन भूमि जमीन पर प्लांटेशन बनाया जाएगा।जहां पर वन भूमि पर अतिक्रमण होगा आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।इस दौरान कार्यवाही में- दतिया रेंजर शैलेन्द्र सिंह गुर्जर , सिविल लाइन थाना प्रभारी वैभव गुप्ता,रेंजर सतेंद्र धाकड़ एंव वनकर्मियों और सिविल लाइन पुलिस के जवानो की अहम भूमिका रही।

खैरी बाली माँ देती है तीन रूपों में दर्शन

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। पहाड़ पर विराजी खैरी बाली माँ पर सप्तमी पर भक्तों का आना-जाना पूरे सात दिन तक रहता है। माता अंचल के लोगो की आस्था का मुख्य केंद्र है। यहां माँ तीन रूप में दर्शन देती है। नवरात्र के दिनों में यहां भक्त गणों का तांता लगा रहता है। माता के दरवार से कोई खाली हाथ नही जाता।सभी की मुराद पूरी करती है माँ। दतिया से 5 किलो मीटर दूर खेरी बाली माता पर भक्त पैदल या अपने वाहनों से प्रतिदिन पहुंचते है ऐसी मान्यता है कि माता दिन में तीन रूप में दर्शन देती है। सप्तमी के दिन जिले से सैंकड़ो की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर माता के दर्शन किये।

पूर्व गृहमंत्री ने बड़ोंन कला में किया 80 लाख की लागत से विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया जिले के बड़ोंन कला में नवरात्रि के पवन अवसर पर ट्रांसफार्मर लागत राशि 79 लाख 80 हजार का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ट जनों का शॉल श्रीफल से सम्मानित किया अपने संबोधन में डॉ मिश्रा ने दतिया विधायक पर विधायक निधि को लेकर निशाना साधा और कहा कि विधायक को अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वे हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए काम करते

रहेंगे और लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे।इस अवसर पर जे ई गोराघाट पंकज सुमन, बड़ोंन कला पंचायत सचिव रामनरेश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

अधिवक्ता और न्यायधीश का उद्देश्य लोगों को न्याय दिलाना -संजीव

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। दतिया से खंडवा स्थानांतरण होने पर जिला अभिभाषक संघ दतिया द्वारा जिला न्यायालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायाधीश और अधिवक्ता दोनों का कार्य लोगों को न्याय दिलाना है अधिवक्ता और न्यायाधीश न्याय के दो पहिए हैं इनमें समन्वय होना आवश्यक है , मैने अपने कार्यकाल में यह कोशिश की है ।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मेरी प्रथम नियुक्ति दतिया में हुई थी दतिया से मेरा भावनात्मक लगाव रहा है अधिवक्ताओं द्वारा किए गए स्वागत एवं सम्मान से मैं अभीभूत हूं उन्होंने कहा कि

दतिया की बार संस्कृति की संवाहक रही है श्री श्रीवास्तव ने कहा कि हम अहंकार से मुक्त हो सहज हो सम हो और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कार्य करें ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष शिवराज सिंह जाट एडवोकेट द्वारा की गई संचालन सचिव वीर सिंह दांगी द्वारा किया गया। स्वागत भाषण कोषाध्यक्ष यशवर्धन सिंह बुंदेला एडवोकेट ने दिया आभार व्यक्त संघ के उपाध्यक्ष किशोरी शरण मिश्र द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि श्रीवास्तव जी के कार्यकाल में जूनियर को काफी कुछ सीखने के लिए मिला उनका व्यवहार सबके प्रति समान रहा।कार्यक्रम में सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

शिविर में दतिया के छात्र - छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र एवं छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों ने मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।यह राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सतना जिले के रमणीय धार्मिक स्थल चित्रकूट स्थित दीनदयाल शोध संस्थान उद्यमिता परिसर, तहसील मझगांव में 8 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित किया गया।शिविर में महाविद्यालय की छात्रा कु. नियति गुप्ता ने छात्रा एनएसएस इकाई से तथा छात्र रिंकू वंशकार एवं अभिषेक अहिरवार ने छात्र इकाई से प्रतिभाग किया।

राज्य स्तरीय शिविर में पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस दतिया के स्वयंसेवकों द्वारा सराहनीय प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों जैसे श्रमदान, मंदाकिनी नदी सफाई अभियान, सांस्कृतिक एवं अकादमिक कार्यक्रमों में गायन, वादन, नृत्य, नाट्य प्रस्तुति तथा बौद्धिक सत्रों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी स्वयंसेवकों को शिविर में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार भी प्रदान किए गए।शिविर में सफल प्रतिभाग के उपरांत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय पहुंचकर प्राचार्य एवं एनएसएस जिला संगठक डॉ. के.एस. दादोरिया के समक्ष अपने अनुभव एवं उपलब्धियों को साझा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. त्रिवेदी, एनएसएस जिला संगठक डॉ. के.एस. दादोरिया सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई श्रीमती दीपिका तथा कार्यक्रम अधिकारी छात्र इकाई डॉ. नवीन मगरैया ने भी विद्यार्थियों को महाविद्यालय का नाम रोशन करने पर शुभकामनाएं दीं।

अवैध शराब पर कार्रवाई, 1200 लीटर कच्ची मदिरा नष्ट

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। जिला आबकारी अधिकारी बी एल दांगी के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामकुमार सूत्रकार के निर्देशन में वृत्त दतिया अ में दौराने दबिश अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध निम्न प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।अज्ञात गोपालपुरा कंजर डेरा मौके पर अंदर जमीन में गढ़े होने से 06 ड्रमों में 1200 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा अंदर जमीन में गढ़े होने से निकाले न जा सके मदिरा में से सैंपल लेकर मौके पर ड्रमों,हाथ भट्टी मदिरा को नष्ट किया गया।सीमा पन्नि राकेश कंजर निवासी गोपालपुरा कंजर डेरा पर 8 बल्क लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) एफके तहत 01 प्रकरण एवं 34(1)ए के 01 प्रकरण दर्ज किया। मौके पर 1200 बल्क लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा

आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

एवं 1 मदिरा मशीन मौके पर नष्ट की और 8 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की।आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1)एफएवं 34(1) ए के अंतर्गत कुल 2 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त,नष्ट मदिरा एवं सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 252600 रुपए है।

शिक्षको के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : यादव

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश शिक्षक संघ एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ भाण्डेर द्वारा स्थापित स्वागत स्टॉल पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का आत्मीय अभिनन्दन किया गया, जिसने पूरे आयोजन में शिक्षक समाज की एकजुटता और स्वाभिमान को विशेष रूप से रेखांकित किया।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ भाण्डेर, आजाद अध्यापक संघ,पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ एवं मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के संयुक्त प्रयास से यह अभिनन्दन संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री के काफ्लि के मार्ग से गुजरते समय शिक्षक प्रतिनिधियों ने अभिनन्दन पत्र भेंट

कर उनका सम्मान किया और इसी अवसर पर जम्ज् पात्रता परीक्षा का महत्वपूर्ण विषय भी उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता के साथ विषय को सुनते हुए आश्वस्त किया कि चिंता मत करें शिक्षक साथियों, सब ठीक होगा। यह आश्वासन उपस्थित शिक्षकों के लिए विश्वास और उम्मीद का आधार बना।

इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि भाण्डेर का शिक्षक समाज अपने सम्मान और अधिकारों के प्रति सजग है। मध्यप्रदेश राज्यकर्मचारी संघ के संभागीय पदाधिकारी विजय श्रीवास्तव करण सिंह परिहार प्रांतीय सचिव शैलेश खरे संभागीय अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यादव विजय श्रीवास्तव संभागीय सचिव मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ राजेश पैकरा जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, अशोक पुरी कोषाध्यक्ष, महेन्द्र शर्मा धमना सहसचिव ,संजय श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ,ब्लॉक अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ हेमंत गोयल प्रीति तिवारी ,सीमा देवी एवं अरविंद यादव के साथ आजाद अध्यापक संघ के शिक्षक भी रहे।

अखण्ड रामधुन से होती है दिन की शुरुआत

नवभारत न्यूज

उनाव 25 मार्च। कस्वा उनाव में बीते एक साल से अल सुबह अखंड रामधुन की गूँज सुनाई दे रही है।इसके एक साल पूरा होने पर टोली का सम्मान पुलिस थाने के हनुमानजी मंदिर पर किया गया।जिसमें दर्जन भर से अधिक लोगो को फूलमालाएं व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी बलबीर मुसाब द्वारा किया गया। कस्वा उनाव बालाजी के सूर्य मंदिर पर आयोजित प्रात:कालीन आरती के पूर्व बृम्ममुहूर्त में अखंड रामधुन निकाली जाती हैं।जिसकी टोली कस्वे की मुख्य गलियों से निकलती हुई दिन की शुरूआत श्रीराम जय राम जय जय राम के साथ होती है।स्थानीय समाजसेवी बलवीर मुसाब का कहना है कि श्री रामधुन के निरंतर गायन से मन को अदभुत शांति का आभाष होता है।इससे मन एकाग्रता के साथ दिन के कार्यो की शुरुआत करता है।साथ ही कस्वे में आध्यात्मिक वातावरण भी निर्मित होता है। रामधुन के एक साल पूरे होने पर

बृहममुहूर्त में पूरे कस्वे में गूँजती है रामधुन, रामधुन में लगी टोली का किया सम्मान

समाजसेवी बलवीर मुसाब ने रामधुन टोली के स्थायी सदस्यों में डॉ0धीरज सिंह यादव, हुकुम सिंह यादव, संतोष यादव, ढकक्कू पंडा,रामप्रताप सडोरिया,बीरन यादव, रघुराज यादव, शिवम यादव,अंकुश यादव, अमन यादव, आयुष यादव, राजेश चतुर्वेदी, मुन्ना सूर्यन आदि का सम्मान किया गया।

भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं : शास्त्री

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। हम चाहे जितने देवी-देवताओं को मानें किंतु हमारा ईष्ट केवल एक होना चाहिए। उसी ईष्ट की अनन्य भक्ति से हमारे मन के संशय दूर होते हैं और हम भवसागर से पार पा जाते हैं। मन, वचन और कर्म से भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पित थे जिसके चलते उन्हें न केवल दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई बल्कि वे भगवान के विराट रूप के दर्शन पा सके जिसे कोई और न पा सका। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन के आध्यात्मिक लक्ष्यों को पाने के लिए अर्जुन की भांति दृढ़तापूर्वक मन, वचन व कर्म से केवल और केवल अपने ईष्ट के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उक्त बात मां बछेतर सेवा समिति द्वारा ग्राम विछौदना में नवसंवत्सर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा

के दौरान कथाव्यास पं.रविन्द्रनाथ शास्त्री ने कही।

उन्होंने आगे कहा कि भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं। भागवत में कहा गया है जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो। जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो, इस संसार में जन्म-मरण से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है। इस दौरान सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राधाकांत अग्रवाल ने कथाव्यास का स्वागत किया। मुख्य यजमान श्रीमती सुनीता प्रमोद पुजारी पारिक्षित श्रीमती लवली मुकेश राजपूत, कान्हा पुजारी ने कथा की आरती की।

शिक्षा की पहली नीव बच्चों में आंगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा ही दी जाती है : राधिका

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 5-6 वर्ष के समस्त बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विगत दिवस समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्यारंभ

वितरित किये गये विद्यारंभ प्रमाण-पत्र

प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये।

दतिया जिले की दतिया शहरी परियोजना के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-34-1 (आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र) को मेरी आंगनवाड़ी मेरी जिम्मेदारी जनभागीदारी अभियान के तहत कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की धर्मपत्नि श्रीमती राधिका वानखेड़े

गोद ली गई है। उक्त आंगनवाड़ी केन्द्र के ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम में श्रीमती राधिका वानखेड़े जी उपस्थित रहीं, श्रीमती वानखेड़े द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र में पंजीकृत 5-6 वर्ष के समस्त 28 बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि बच्चों में माता-पिता के बाद संस्कार और शिक्षा की नीव आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ही रखी जाती है वें बच्चों को माता-पिता की तरह ध्यान रखते है और उन्हें संस्कार भी देते है इसी प्रकार जिले की समस्त 1011 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किये गये, जिसमें परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

पण्डोखर धाम महोत्सव मेले में आने वाले दुकानदारों को जगह

नवभारत न्यूज

दतिया 25 मार्च। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दतिया जिले के प्रसिद्ध तीर्थ पण्डोखर सरकार धाम में 2 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित

बिजली , पानी और भोजन व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी

होने वाला 30वाँ पण्डोखर धाम महोत्सव ऐतिहासिक भव्यता और उत्साह के साथ सम्पन्न होने जा रहा है। पण्डोखर धाम पीठाधीश्वर त्रिकालदर्शी संत गुरुशरण जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाला पण्डोखर धाम महोत्सव का ऐतिहासिक विशाल मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है ,

बल्कि यह क्षेत्रीय संस्कृति , परंपरा और सामाजिक समरसता का भी अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। पण्डोखर धाम ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी मुकेश कुमार गुप्ता (सागर) ने बताया कि मेले में बाहर से आने वाले सभी दुकानदारों और झूले , चकरी, सर्कस , प्रदर्शनी , मौत के कुएं आदि के लिए इस बार भी सभी सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जा रही हैं।

आसपास के क्षेत्रीय ग्रामों के नागरिकों को महोत्सव में भाग लेने हेतु उन्हें पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र देने में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन भी आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय रहता है। सुरक्षा , यातायात और स्वच्छता को लेकर विशेष व्यवस्थाएँ की जा रही हैं , ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

दो शस्त्र लाइसेंस निलंबित

दतिया। पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लायसेंसधारक द्वारा लायसेंस की शर्तो का उल्लंघन किये जाने तथा लायसेंसी शस्त्र अन्य व्यक्ति के हाथ में दी जाकर उसका वीडियो रील सोशल मीडिया पर अपलोकड़ कर दशहत फैलाने का कृत्य किये जाने से लायसेंसधारी मूलचन्द कुशवाह पित धन सिंह कुशवाह निवासी ककरौआ थाना दुरसड़ा जिला दतिया एवं लायसेंसधारी बच्ची पिता श्री भगवान दास कुशवाह निवासी खिरिया थाना बड़ौनी जिला दतिया को स्वीकृत शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से प्रकरण के अंतिम निराकरण तक की अवधि के लिए निलंबित किये गए।

इंदरगढ़ ग्रामीण मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

दतिया। भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र की एकता और अखण्डता के प्रति द्रण संकल्पित होकर कार्य करता है और राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित रहता है जब देश का युवा राष्ट्रहित में कार्य करेंगा। तभी देश मजबूत होगा। उक्त बात भाजपा नेता, जनपद सदस्य रामबहादुर सिंह गुर्जर ने प्रशिक्षण महाभियान के दौरान कही। मुख्य वक्ता के रूप में सांसद संध्या राय, सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, मानवेन्द्र सिंह परिहार, डॉ.रामजी खरे, भूपेन्द्र यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

आम सूचना

श्री हेमन्त शर्मा पुत्र श्री उमाकांत शर्मा एवं श्रीमती राधिका बेलपत्री पुत्री श्री दीपल बेलपत्री पत्नी श्री हेमन्त शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित रेल्वे स्टेशन के पास, पीताम्बरा विला कॉलोनी, ग्राम रामनगर, प.ह.नं.24, रा.नि.मं.दतिया, तहसील दतियानगर व जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र.34 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.603/2/2, 603/677/2, 603/678/2, 604/2, 605/1/1, 606/686/2/2, 606/687/1/1, 608/688/1 एवं 603/679/2 ग्राम रामनगर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1322.17 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड उमा गुप्ता, पश्चिम में-कॉलोनी बाउण्ड्री एवं भूखण्ड अजय तिवारी, उत्तर में-कॉलोनी बाउण्ड्री एवं दक्षिण में-रास्ता 06 मीटर चौड़ा है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री डॉ. जी.एस. तोमर पुत्र श्री रामस्वरूप सिंह तोमर, श्री चंदन सिंह पुत्र श्री पूरन सिंह दांगी एवं साँईबाबा कंस्ट्रक्शन फर्म जर्ये श्री मोहित कुकरेजा पुत्र श्री अरविन्द कुकरेजा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। डॉ. जी.एस. तोमर द्वारा उक्त सम्पति श्री हेमन्त शर्मा पुत्र श्री उमाकांत शर्मा एवं श्रीमती राधिका बेलपत्री पुत्री श्री दीपल बेलपत्री पत्नी श्री हेमन्त शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी22आईजीआर 17182025ए101142283 दिनांक 12.12.2025 से विक्रय की गई। श्री हेमन्त शर्मा एवं श्रीमती राधिका बेलपत्री द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान कैन फिन होम्स लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710